**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 07.07.2021 को प्रातः 11.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी घटक के अन्तर्गत माहवार माइलस्टोन के सापेक्ष प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त व स्लैब कास्ट एवं पी0एम0 स्वनिधि की प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थितिः--

1. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
2. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
3. हितेश पाठक, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
4. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
5. रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
6. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
7. आकांक्षा भार्गव, प्रिक्योरमेन्ट स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
8. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
9. कुनाल कटारिया, अरबन प्लानर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
10. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
11. गौरव ठाकुर, पी0एफ0एम0एस0 स्पेशलिस्ट, सूडा।
12. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):--

योजना के लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के अन्तर्गत माहवार माइलस्टोन के अनुसार माह जून एवं जुलाई, 2021 के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी, जो निम्नवत् हैः--

1. सहारनपुरः--बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 20550 लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त की जानी थी, जिसके सापेक्ष 18862 लाभार्थियों को ही प्रथम किश्त का भुगतान किया गया है तथा 1688 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1127 का पी0पी0ए0 दिनांक 29.06.2021 को तथा 125 का पी0पी0ए0 दिनांक 02.07.2021 को सूडा प्रेषित किया जा चुका है। निर्देश दिए गए कि प्रेषित किए जाने वाले पी0पी0ए0 के साथ सर्टिफिकेट भेजा जाये तथा फाइल पर लिए गए जिलाधिकारी के अनुमोदन की छायाप्रति भी भेजी जाये।
   **(कार्यवाही--परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 स्पेस कम्बाइन)**

2. बलियाः--बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 15575 लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त की जानी थी, जिसके सापेक्ष 13508 लाभार्थियों को ही प्रथम किश्त का भुगतान किया गया है तथा 2067 लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उपजिलाधिकारी द्वारा 3740 लाभार्थियों की जाँच प्रथम किश्त के भुगतान से पूर्व जाँच करायी जा रही है, जिसे लगभग 02 माह व्यतीत हो चुके हैं। जाँच समय से कराने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद की सबसे खराब स्थिति है, आगामी बैठक में परियोजना निदेशक के साथ प्रतिभाग किया जाये। जाँच के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए कि परियोजना निदेशक और जिलाधिकारी से अनुरोध पर जाँच जल्दी पूरी करायें।
   **(कार्यवाही--परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम)**

क्रमशः......2 पर

3. **रामपुरः**—बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत जिला पंचायती राज अधिकारी/प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया, जिस पर सी0एल0टी0सी0 को निर्देश दिए गए कि प्रभारी परियोजना अधिकारी को अवगत करा दें कि जब भी वे फ्री हो, तब अधोहस्ताक्षरी से जूम एप पर वार्ता कर लें क्योंकि रामपुर की प्रगति सबसे खराब है। माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 13374 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जानी थी, जिसके सापेक्ष 11771 लाभार्थियों को ही द्वितीय किश्त की गयी है तथा 1603 लाभार्थियों की द्वितीय किश्त लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में सी0एल0टी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 3–4 दिन में अवशेष आवासों की रूफ कास्ट करा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त द्वितीय किश्त 9900 के सापेक्ष मात्र 8325 रूफ कास्ट ही करायी गयी है तथा 1575 रूफ कास्ट अभी भी लम्बित हैं, जिसके सन्दर्भ में सी0एल0टी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि 959 लाभार्थियों को 3–4 दिन पहले ही द्वितीय किश्त का भुगतान किया गया है। निर्देश दिए गए कि आपके द्वारा ठीक प्रकार कार्य नहीं किया जा रहा है। यदि एक सप्ताह में प्रगति ठीक नहीं हुई, तो सूडा से जाँच करायी जायेगी या मेरे द्वारा स्वयं की जायेगी। आपका जनपद 75 जनपदों में सबसे नीचे हैं।

**(कार्यवाही—परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 रूद्राभिषेक एन्टरप्राईजेज लि0)**

4. **मथुराः**—बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 15999 आवासों की रूफ कास्ट की जानी थी, जिसके सापेक्ष 14661 आवासों की ही रूफ कास्ट की गयी है तथा 1338 आवासों की रूफ कास्ट लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 10 दिन में अवशेष आवासों की रूफ कास्ट करा दी जायेगी। निर्देशित किया गया कि यदि आप प्रयास करेगे, तो वह पूरा होगा। 100 Day Challenge को पूरा करना जरूरी है, क्योंकि बारिश का मौसम आने वाला है।

**(कार्यवाही—परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स इण्डिया प्रा0लि0)**

5. **बिजनौरः**—बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 16605 आवासों की रूफ कास्ट की जानी थी, जिसके सापेक्ष 15318 आवासों की ही रूफ कास्ट की गयी है तथा 1287 आवासों की रूफ कास्ट लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी द्वारा जीरो लेवल जिओ टैग हो चुके लाभार्थियों को प्रथम किश्त अवमुक्त करने से पूर्व जाँच करायी जा रही है। सभी कर्मियों को जाँच टीम के साथ लगा दिया गया है, जिस कारण अन्य कार्यों में विलम्ब हो रहा है। निर्देशित किया गया कि संस्था के आधे कर्मियों को जाँच टीम के साथ लगाये तथा आधे कर्मियों को रूफ कास्ट में लगाये।

**(कार्यवाही—परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम)**

6. **सन्त कबीर नगरः**—बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 8263 आवासों की रूफ कास्ट की जानी थी, जिसके सापेक्ष 7274 आवासों की ही रूफ कास्ट की गयी है तथा 989 आवासों की रूफ कास्ट लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 10 दिवस में रूफ कास्ट के अन्तर को खत्म कर दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि माह जुलाई का लक्ष्य भी इसी माह पूर्ण करें।

**(कार्यवाही—परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम)**

7. **लखीमपुर खीरीः**—बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत माइलस्टोन के अनुसार माह जून में 17647 आवासों की रूफ कास्ट की जानी थी, जिसके सापेक्ष 16678 आवासों की ही रूफ कास्ट की गयी है तथा 969 आवासों की रूफ कास्ट लम्बित है, जिसके सन्दर्भ में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी आवासों का जिओ टैग हो चुका है तथा 07 दिवस में स्लैब कास्ट पूर्ण करा लेगें। निर्देशित किया गया कि 03 दिवस में अवशेष 969 आवासों की स्लैब कास्ट कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही—परियोजना अधिकारी, डूडा, सी0एल0टी0सी0, मै0 स्नो फाउण्टेन, मै0 अरिनेम कन्सलटेन्सी)**

क्रमशः......3 पर

**अन्त में निम्न निर्देश दिए गएः–**

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)**

1. पी0पी0ए0 के साथ ही परियोजना अधिकारी, सी0एल0टी0सी0 एवं पी0एफ0एम0एस0 करने वाले सी0एम0एम0 के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाये। प्रमाण पत्र के साथ जिलाधिकारी के अनुमोदन की छायाप्रति भी प्रेषित की जाये, जिससे पी0पी0ए0 को मुख्यालय स्तर से रैण्डम चेक किया जा सके।
2. जो डी0पी0आर0 पहले स्वीकृत हुई है, उसको पहले पूरा करें। उन डीपीआर के पात्र लाभार्थियों का जीरो लेवल जिओ टैग करके प्रथम भुगतान का पी0पी0ए0 प्रेषित करें। First come first serve की नीति अपनायें, जिससे पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनी रहे एवं कोई शिकायत न हो।
3. प्रथम किश्त के पी0पी0ए0 के साथ भेजे जाने वाले प्रमाण पत्र में यह भी उल्लिखित होना चाहिए कि पूर्व में स्वीकृत लाभार्थियों में से किसी भी पात्र लाभार्थी का भुगतान लम्बित नहीं है।
4. संस्था द्वारा किये गये जिओ टैग के प्रमाण पत्र में यह भी उल्लिखित होना चाहिए कि संस्था का कार्य संतोषजनक है तथा किस आधार पर संतोषजनक है, यह भी लिखा होना चाहिए।
5. 100 Days Challenge हेतु चयन की गयी 280 नगर निकायों में तत्काल प्रथम/द्वितीय किश्त अवमुक्त करते हुए स्लैब कास्ट कराना सुनिश्चित करें, जिससे इन निकायों को एचएफए फ्री किया जा सके। इसके लिए नियमित रूप से प्रतिदिन समीक्षा किया जाना आवश्यक है।
6. 100 Days Challenge हेतु चयन की गयी 280 नगर निकायों में अलग से टीम लगाकर आवासों को पूर्ण कराया जाये।
7. किसी भी लाभार्थी से धन उगाही न की जाये। यदि किसी की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो सही पाये जाने पर उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।
8. किसी भी दबाव में कोई गलत कार्य न करें, जो भी काम करें, स्वच्छ करें।

**पी0एम0 स्वनिधि**

1. बैंको द्वारा कतिपय कमियों के कारण वापस किये गये ऋण आवेदन पत्रों की नगर निकायवार जॉच करा ली जाए। कमियों का निराकरण कराके उन्हें पुनः अपलोड कराया जाए। ऐसे ऋण आवेदन पत्र जो पूर्णतः उपयुक्त नहीं है, उन्हें Ineligible Bin में शिफ्ट किया जाए। इसके साथ ही कैम्पों के मध्य से नये ऋण आवेदन पत्रों को ऑनलाइन भरवाकर स्वीकृत/वितरित कराने की कार्यवाही की जाए, जिससे निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके। श्रेणी (Ter) II तथा III के नगर निकायों पर विशेष ध्यान देकर शत प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करायी जाए।
2. जनपद कानपुर नगर के परियोजना अधिकारियों द्वारा दिनांक 15.07.2021 तक स्वीकृत एवं ऋण वितरित के अन्तर को समाप्त करने का आश्वासन दिया गया और अन्य भाहरों को स्वीकृत एवं ऋण वितरण के अन्तर को कैम्प के दौरान समाप्त करने के निर्देश दिये गये।
3. लम्बित LoR की जॉच कराके नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों द्वारा उन्हें जारी करते हुए निस्तारित किया जाए।

क्रमशः.......4 पर

4. Socio Economic Profiling में नगर निगम सहारनपुर, बरेली, अलीगढ़, मुरादाबाद, मथुरा, प्रयागराज का कार्य सन्तोषजनक नहीं पाया गया। इन नगर निकायों के परियोजना अधिकारी ध्यान देकर इस अभियान के दौरान कैम्पों में वेण्डर्स एवं उनके परिवार की प्रोफाइलिंग के लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। गाजियाबाद नगर निगम में वेण्डर्स के परिवार के सदस्यों की प्रोफाइलिंग सुनिश्चित की जाए।

5. अभियान के दौरान नये स्वीकृत/वितरित किये गये लाभार्थियों को डिजीटल ट्रेनिंग शत प्रतिशत करायी जाए। डिजीटल ट्रेनिंग की प्रगति अच्छी नहीं है, जिस हेतु समस्त बैंको के शाखा प्रबन्धकों से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किया जाए। डिजीटल ट्रेनिंग कैम्पों की प्रगति नगर निगम के लॉगिन पासवर्ड के माध्यम से पोर्टल पर इन्ट्री सुनिश्चित की जाए ताकि प्रगति परिलक्षित हो सके।

6. कैम्पों के दौरान वेण्डर्स एवं उनके परिवार को कोविड–19 का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए।

9.7.2021

(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक

संख्या:– 833 /03/29/HFA-DPR/PMC-Vol-VIII/2021–22 दिनांक:– 09 जुलाई, 2021

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1. वित्त नियन्त्रक, सूडा, लखनऊ।
2. सम्बन्धित परियोजना अधिकारी/प्रभारी परियोजना अधिकारी, डूडा को अनुपालनार्थ।
3. समस्त एस0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. सम्बन्धित सी0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ को अनुपालनार्थ।
5. सम्बन्धित डी0पी0आर0/पी0एम0सी0 कन्सलटेन्ट्स को अनुपालनार्थ।
6. सहा0 परियोजना अधिकारी/वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. गार्ड फाइल।

जारी
09-07-21

9.7.2021

(यशु रूस्तगी)
मिशन निदेशक